हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

10 मार्च 2025, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा प्रणाली में समय की मांग के अनुसार महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए लागू की गई है।
- राष्ट्रपति ने उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षण के साथ साथ शोध व अनुसंधान पर बल दिया।
- कुरूक्षेत्र में पिपली से ज्योतिसर तक सरस्वती नदी के किनारों से मांस की दुकाने हटाने के आदेश जारी किए।
- हरियाणा विधानसभा में शून्यकाल में सदस्य को अपनी बात रखने के लिए अब 3 की बजाय 5 मिनट मिलेंगे।
- पंचकूला नगर निगम ने अपना बजट पेश किया गया।

*************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि शिक्षा प्रणाली में समय की मांग के अनुसार महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए राष्ट्रीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ग्रहण की गई शिक्षा, विद्यार्थियों में मौलिक सोच और रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देगी और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी।

राष्ट्रपति आज हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थी।

राष्ट्रपति ने कहा -

उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षण के साथ साथ शोध कार्य पर बल देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि इस विश्वविद्यालय ने अपनी 30 वर्षों की यात्रा में शोध और अनुसंधान में कई महत्वपूर्ण उपलस्धियां हासिल की हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि गुरू जम्भेश्वर जी जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है वे एक महान संत और दार्शनिक और पर्यावरण प्रेमी थे।

इस अवसर पर उपाधि व पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि पीएचडी की उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है।पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में भी बेटियों की संख्या 75 प्रतिशत है।राष्ट्रपति ने कहा कि यह हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के विकास और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है।

*****************************************************************

कुरूक्षेत्र में पिपली से ज्योतिसर तक पवित्र सरस्वती नदी के किनारों से मांस की दुकानों को हटाने के आदेश जारी किए गए है।इन आदेशों के तहत मीट की दुकानों को हटाने और अन्य अतिक्रमण की कार्रवाई करने केलिए बकायदा डयूटी मैजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने इस संबंधी आज जारी किए गए आदेशों में कहा है कि प्रशासन के पास लगातार सूचनाएं औरशिकायत मिल रही है कि पिपली से ज्योतिसर तक पवित्र सरस्वती नदी के किनारे मीट कीदुकानें चल रही है और इससे ना केवल अतिक्रमण हो रहा है अपितु पवित्र सरस्वती नदीकी पवित्रता भी भंग हो रही है। इन तमाम तथ्यों को जहन में रखते हुए कानून अनुसार यह आदेश जारी किए गए है। जिलाधीश ने जारी आदेशों में कहा है कि डयूटी मैजिस्ट्रेट उपमण्डल अधिकारी राकेश कांबोज पवित्र नदी के किनारे जब मीट की दुकानोंको हटाने की कार्रवाई करेंगे तो कानून व्यवस्था को बनाए रखना होगा। इसके लिएसम्बन्धित अधिकारी पुलिस प्रशासन की भी सहायता ले सकते है। उन्होंने कहा कि डयूटीमैजिस्ट्रेट नियमों के अनुसार जरूरी कार्रवाई करने के उपरांत जिलाधीश कार्यालय मेंरिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

*****************************************************************

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा दिन आज बाद दोपहर प्रश्नकाल के साथ शुरू हुआ। ।इस दौरान विधायकों द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी व विभिन्न योजनाओं से संबंधित सवाल पूछे गए।

शून्य काल के दौरान विधायकों ने कई मुद्दे उठाए । हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के दूसरे दिन एक नई प्रथा का आगाज भी हुआ। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शून्यकाल में बात रखने के लिए समयावधि बढ़ा दी है। नई व्यवस्था के तहत शून्यकाल में 3 मिनट की बजाय 5 मिनट तक सदस्य अपनी बात रख सकेंगे।विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि उन्होंने गत 10 वर्षों में विधान सभा के एक सदस्य के तौर पर अनुभव किया है कि शून्यकाल को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। इस विषय पर 6 मार्च को सर्वदलीय बैठक में विचार किया गया था ।उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया है कि नई व्यवस्था के तहत निर्धारित सीमा में रहकर लोकहित के विषयों पर चर्चा करें।

*****************************************************************

पंचकूला नगर निगम द्वारा आज अपना बजट पेश किया गया।

नगर निगम के महापौर कुलभूषण गोयल ने बताया -

महापौर ने कहा कि निगम द्वारा सभी कूड़े के ढेर उठाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। श्री कुलभूषण गोयल ने बताया कि उनका निगम चार साल से ज़्यादा समय से अस्तित्व में है और यह उनका पांचवां बजट था। उन्होंने कहा कि शुरुआत में निगम के पास करीब 100 करोड़ वापसी की सावधि जमा राशि थी। आज की तारीख में निगम के पास 260 करोड़ रुपए से ज्यादा की सावधि जमा राशि हैं।

**************************************************************

विश्व भर में 9 मार्च से 15 मार्च तक काला मोतियाबिंद सप्ताह मनाया जा रहा है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश से सभी जिलों में ग्लूकोमा यानि काला मोतिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी के संदर्भ में आज पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित नागरिक अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि इस सप्ताह को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को ग्लूकोमा जैसी बीमारी से होने वाले अंधेपन से बचाना है। उन्होंने बताया कि बचाव ही इस बीमारी का सबसे सरल उपाय है। पूरे भारत में लगभग एक करोड़ 19 लाख लोग लोग ग्लूकोमा से प्रभावित हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार इसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी के कारण मरीज में रोग की पहचान न हो पाना है।

उन्होंने बताया कि देश के 12.8% लोग काला मोतिया से प्रभावित है। उन्होंने लोगों से आंखों की जांच करवाते रहने की अपील भी की।हरियाणा राज्य अंधापन नियंत्रण इकाई के उप निदेशक डॉ जगदीप सिंह ने बताया कि यह अक्सर आंख में बढ़े हुए दबाव के कारण होता है। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो ग्लूकोमा के कारण दृष्टि भी जा सकती है। इसे आमतौर पर "दृष्टि का मूक चोर" कहा जाता है क्योंकि लक्षण तब तक प्रकट नहीं हो सकते जब तक कि महत्वपूर्ण क्षति न हो जाए।

**************************************************************

देश में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। यह सप्ताह हर वर्ष 4 से 10 मार्च के बीच मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा सावधानियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है 'विकसित भारत के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य महत्वपूर्ण'। ये विकसित भारत के लिए सुरक्षा के महत्व पर केंद्रित है।

..................................................................

आज भिवानी में महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर बी जे पी नेता रितिक वधवा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं कवयित्री थी। सावित्रीबाई भारत के प्रथम कन्या विद्यालय में प्रथम महिला शिक्षिका थी। उन्होंने पूरा जीवन समाज में वंचित तबके खासकर महिलाओं और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष में बिताया।

----------------------------